आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कनाडा के भारतीय प्रवासियों को हिमाचल प्रदेश का भ्रमण करने और यहां निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कनाडा के ओटावा स्थित ऐतिहासिक संसद हिल पर आयोजित कुल्लू दशहरा के भव्य समारोह के अवसर पर एक विशेष वीडियो संदेश के माध्यम से भारतीय प्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'इस अवसर पर हिमाचल की समृद्ध संस्कृति के जीवंत रंग पूरी भव्यता के साथ प्रदर्शित होंगे, जिससे विदेश में रह रहे लोगों को भी अपने घर जैसा अनुभव मिलेगा। इस उत्सव में हिमाचल प्रदेश की विविध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया, जिसमें विश्व प्रसिद्ध हिमाचली लोकनृत्य 'नाटी', पारंपरिक रामलीला का मंचन और सभी अतिथियों को परोसी गई हिमाचली धाम मुख्य आकर्षण रहे। इस आयोजन में 35 से अधिक क्षेत्रीय सामुदायिक संगठनों ने भाग लिया, जो कि हिमाचली प्रवासियों की एकता और सांस्कृतिक गौरव को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर भारत के कनाडा स्थित उप उच्चायुक्त, वरिष्ठ राजनयिक, सामुदायिक नेता व अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहे।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला जिले के जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को आपदा से क्षतिग्रस्त सड़कों सहित भविष्य में नई सड़कों के निर्माण में बेहतर तकनीक व मानकों का प्रयोग करने को कहा। रोहित ठाकुर ने कहा कि आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त सभी सड़कों को छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया गया है।

जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

नए जीएसटी सुधारों से बिहार को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी और हथकरघा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को उर्वरकों और कृषि मशीनरी की लागत कम होगी और बिहार में आयुष उत्पाद और शहद कलस्टर को भी प्रोत्साहन मिलेगा। कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है जो लगभग आधी आबादी को रोजगार देती है। मखाना आधारित स्नैक्स पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही, जूस, जैम और अचार पर कर टैक्स 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत होने से मुजफ्फरपुर की जीआई–टैग प्राप्त शाही लीची पर लागत में 6 से 7 प्रतिशत की बचत होगी। इसी प्रकार, डेयरी क्षेत्र में टैक्स कटौती से सहकारी नेटवर्क मजबूत होंगे। इसके अलावा हस्तशिल्प जैसे भागलपुरी सिल्क, मधुबनी पेंटिंग्स और सुजनी कढ़ाई वाले उत्पाद अब अधिक किफायती हो जाएंगे। वहीं, ट्रैक्टर, पंप और सिंचाई उपकरणों पर जीएसटी को 5 प्रतिशत करने से आधुनिक उपकरणों को अपनाने में तेजी आएगी, जिससे कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी और किसानों की आय बढ़ेगी।

## मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात और निचले, मध्यम व मैदानी इलाकों में वर्षा हो रही है। चंबा जिले के मणिमहेश, कुगती व होली में दो सेंटीमीटर जबकि लाहौल स्पिति जिले के केलंग में पांच सैंटीमीटर ताजा हिमपात हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश के 8 जिलों चंबा, कांगड़ा, हमीरपुर, कुल्लू, लाहौल स्पिति, किन्नौर, मण्डी और ऊना में आगामी 24 घंटों के दौरान तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रदेश के उच्च पर्वतीय इलाकों में कहीं–कहीं बर्फबारी की संभावना है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है।

## कफ सिरप

केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कफ सिरप का विवेकसम्मत उपयोग सुनिश्चित करने को कहा है। सरकार ने कहा कि सामान्य खांसी के लिए किसी अलग औषधि की आवश्यकता नहीं होती, यह अपने आप ठीक हो जाती है। कुछ राज्यों में कफ सिरप से हाल में बच्चों की मौत की घटनाओं को देखते हुए औषधि विनिर्माताओं द्वारा संशोधित विनियमों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिये गए हैं।

---